**मुड़ियाखेड़ा लूट काण्ड**

# 7 बदमाश पकड़े, कार व नकदी-जेवरात जब्त

**हाथठेला लगाने वाले युवक ने रची डकैती की साजिश, आगरा और धौलपुर जिलों के रहने वाले हैं सभी बदमाश**





**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 22 अक्टूबर।** मुड़ियाखेड़ा में 15 नवंबर को दिनदहाड़े मावा कारोबारी नवलकिशोर गुप्ता के घर उनकी पत्नी और पुत्री पर कट्टे अड़ाकर 10 लाख नकदी-जेवरात लूटने वाले 7 बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जबकि उनके तीन साथी अभी फरार बने हुए है। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त हुंडई कंपनी की औरा कार क्रं. यूपी80-केटी-2895, 315 बोर के दो कट्टा व 4 जिंदा राउंड, 750 ग्राम चांदी, 5 तोला सोने के जेवरात समेत 4 लाख 53 हजार 750 रूपये नकदी जब्त कर लिए है।

बदमाशों की गिरफ्तारी का खुलासा बुधवार को पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने प्रेसवार्ता में किया। उनके साथ एएसपी सुरेन्द्रपाल डाबर, निरीक्षक कुलदीप सिंह, दीपेन्द्र सिंह यादव, उदयभान सिंह यादव सहित डकैती कांड के खुलासे में शामिल रही टीम के सदस्य मौजूद थे।

**हाथठेला लगाने वाले आगरा के युवक ने बनाया डकैती का प्लान :** पुलिस अधिकारियों ने बताया कि अजय सविता पुत्र रामबाबू सविता नि. उदयपुर खालसा आगरा करीब दो साल से मुरैना के उत्तमपुरा, बड़ोखर क्षेत्र में हाथठेला लगाकर आजीविका चलाता था। इसी दौरान अजय ने मुड़ियाखेड़ा में रहने वाले मावा कारोबारी नवलकिशोर गुप्ता के घर की रैकी की थी। रैकी करने के बाद उसके द्वारा अपने दोस्तों के साथ मिलकर डकैती कांड का प्लान तैयार किया था।

**वारदात में शामिल रहे 7 बदमाश गिरफ्तार, 3 फरार :** मुड़ियाखेड़ा डकैती कांड में शामिल रहे 7 बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिनमें अजय सविता पुत्र रामबाबू नि. उदयपुर खालसा आगरा, श्रीभगवान जाटव पुत्र कालीचरन नि. राजाखेड़ा धौलपुर, विजय, करन, वीरेश, राहुल सहित एक अन्य शामिल है। जबकि वारदात में शामिल रहे जीतू पुत्र महेश राठौर नि. शमशाबाद आगरा, सतेन्द्र पुत्र जाहर सिंह बघेल नि. लहारपट्टी, शमशाबाद आगरा और देवा उर्फ धीरज पुत्र रामअवतार धाकरे नि. शमशाबाद आगरा अभी फरार बने हुए है। पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

**डकैती डालने कार में आए थे 7 बदमाश, तीन ने की मदद :** पुलिस से जुड़े सूत्रों की माने तो डकैती को अंजाम देने के लिए और कार में अजय, विजय, जीतू, देवा उर्फ धीरज, सतेन्द्र, श्रीभगवान व राहुल मावा कारोबारी के घर पहुंचें थे। पांच बदमाश घर के अंदर गए, जबकि दो बदमाश कार में ही बैठे रहे। बदमाश अजय ने अपने चेहरे को नकाब से ढंका हुआ था। वहीं डकैती डालने वाले इन बदमाशों की करन, वीरेश ने मदद की थी।

**वीरेश ने 30 हजार में कराई थी कार की व्यवस्था, दिए 90 हजार :** पुलिस से जुड़े सूत्रों के अनुसार डकैती कांड को अंजाम देने वाले बदमाशों के लिए वीरेश ने अपने दोस्त राहुल से कार उपलब्ध कराने को कहा। जिसके ऐवज में लूट से मिलने वाली रकम से 30 हजार रूपये देने का वादा किया था। लूटकांड में बड़ी रकम हाथ लगी तो उन्होंने राहुल को 90 हजार रूपये दिए थे। वीरेश ने ही लूट को अंजाम देने के लिए करन की मदद से 315 बोर के दो कट्टों का इंतजाम कराया था।

**प्रत्येक बदमाश पर घोषित था 30-30 हजार का ईनाम :** दिनदहाड़े हुए सनसनीखेज डकैती कांड में शामिल रहे प्रत्येक बदमाश की गिरफ्तारी पर आईजी चंबल रेंज सचिन कुमार अतुलकर ने 30-30 हजार रूपये का ईनाम घोषित किया था।



**डकैतीकांड के खुलासे में इनका रहा सराहनीय योगदान**

निरीक्षक कुलदीप सिंह राजपूत, निरी. दीपेन्द्र यादव, निरी. उदयभान सिंह यादव, निरी. ओपी रावत, सायबर सैल के एसआई अभिषेक जादौन, एसआई विवेक तोमर, प्र.आर. अवनीश शर्मा, सुनील बंसल, उदयवीर, सिरदीप कुमार, राजकुमार, दुष्यंत शर्मा, संजीव, कुलदीप, सुरेश, आरक्षक कपिल पचौरी, कुलदीप, कमलकिशोर, सुनील, संजय गुर्जर, सुनील, अराफात, मंगल सिंह, रामकिशन, प्रशांत डंडौतिया, योगेन्द्र, मीरेन्द्र, राहुल, शैलेन्द्र जाट, धर्मेन्द्र भदौरिया, मनीष, हरेन्द्र, योगेन्द्र, सत्यभान, महिला आरक्षक प्रिया परिहार, आरक्षक चालक पवन सिंह की डकैती कांड के खुलासे में सराहनीय भूमिका रही है।

# शराब पीने के दौरान हुई बहस के बाद दोस्त ने ही कर दी हत्या

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 22 अक्टूबर।** जौरीगांव में 20 अक्टूबर की रात स्कूल वाहन ड्राईवर की हत्या के मामले का सिविल लाईन थाना पुलिस ने बुधवार को खुलासा कर दिया। पुलिस के अनुसार मृतक स्कूल ड्राईवर अपने दोस्त के साथ शराब पी रहा था, शराब पीते समय दोनों के बीच किसी बात पर बहस हुई, जिसे लेकर दोस्त ने पीछे से हमला कर पत्थर से सिर कुचलकर उसकी हत्या कर डाली।

**20 अक्टूबर की रात को जौरीगांव में हुई थी घटना**

जानकारी के अनुसार जौरीगांव निवासी ताराचंद्र कुशवाह 44 पुत्र बनवारीलाल कुशवाह पेशे से स्कूल वाहन का ड्राईवर था। दीपावली की रात करीब 10 बजे ताराचंद्र घर से घूमने की बात कहकर निकला था। जिसके बाद घर से करीब चार सौ मीटर दूरी पर उसका शव पड़ा मिला था। उसके सिर पर पत्थर से हमला किए जाने के निशान मिले थे। सिविल लाईन पुलिस ने अज्ञात बदमाश के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज किया था। पड़ताल के दौरान पुलिस को पता चला कि स्कूल वाहन ड्राईवर ताराचंद्र घर से निकलने के बाद अपने दोस्त कल्ला पंडित उर्फ कालीचरन के साथ बैठकर शराब पी रहा था। शराब पीते समय दोनों के बीच किसी बात पर बहस हुई तो दोनों उठकर अपने-अपने घर के लिए रवाना हो गए। इसी दौरान जब ताराचंद्र अपने घर की ओर जा रहा था, कल्ला पंडित ने पीछे से आकर उसके सिर पर पत्थर से हमला कर दिया। पत्थर से किए गए ताबड़तोड़ प्रहार से उसके सिर का पिछला हिस्सा फट गया और उसकी मौत हो गई। पड़ताल के बाद पुलिस आरोपी कल्ला पंडित की तलाश में जुट गई है।

## मेड़ जोतने को लेकर दो पक्षों में चले लाठी-सरिया, क्रॉस कायमी

**मुरैना, 22 अक्टूबर।** देवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम बरबासिन में 21 अक्टूबर को खेत की मेड़ जोतने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। झगड़ा बढ़ने पर दोनों पक्ष के लोगों ने एक-दूसरे की लाठी, सरियों से मारपीट कर डाली। पुलिस ने ऐंदल सिंह पुत्र रामधन गुर्जर नि. बरबासिन की रिपोर्ट पर मुकेश, ग्यासी गुर्जर, राधेश्याम, लाखन, मछिन्दर, कारे सिंह गुर्जर के विरुद्ध तथा दूसरे पक्ष के ग्यासी गुर्जर की रिपोर्ट पर रामधन, बबलू, रामफल, संदीप, ऐंदल सिंह गुर्जर के विरुद्ध मारपीट की धाराओं में क्रॉस मामला दर्ज कर लिया है।

# जौरा में राधेश्याम क्लीनिक-पैथोलॉजी, एक्स-रे सेंटर शील्ड

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/जौरा, 22 अक्टूबर।** जौरा कस्बे में बिना डिप्लोमा-डिग्री, और बिना पंजीयन के संचालित होने वाले क्लीनिक, पैथोलॉजी लैब और एक्सरे सेंटर के विरुद्ध एसडीएम शुभम शर्मा, सीबीएमओ आरएस सैमिल ने सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान एक क्लीनिक,

**एसडीएम, सीबीएमओ की कार्रवाई, बिना रजिस्ट्रेशन हो रहा था संचालन**



पैथोलॉजी लैब और एक्स-रे सेंटर को सील किया गया।

सीबीएमओ डॉ. आरएस सैमिल ने बताया कि बुधवार को दोपहर एक बजे पुराना बस स्टैंड के पास हनुमान मंदिर के सामने व्यास गली में स्थित राधेश्याम क्लीनिक पर टीम जांच करने पहुंचीं। क्लीनिक का संचालन कर रहे डॉ. आरएस सेंगर से जब उनकी प्रेक्टिस से संबंधित डिग्री-डिप्लोमा मांगा गया तो वह पेश नहीं कर सके। क्लीनिक में प्लास्टर, बोतल चढ़ाने की सामग्री भी मिली। वहीं इसके बगल में साइंटिफिक लैब और एक्स-रे सेंटर का संचालन किया जा रहा था। लैब में ब्लड सैंपल लेने की वॉयल भी मिली। पैथोलॉजी लैब एवं एक्स-रे सेंटर का संचालन लालू कुशवाह नामक व्यक्ति द्वारा किया जा रहा था। जांच टीम ने तीनों संस्थानों को शील्ड करने की कार्रवाई की।

# दोपहर को हुई गोवर्धन पूजा, शाम को अन्नकूट महोत्सव



**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 22 अक्टूबर।** हर साल दीपावली के दूसरे दिन पड़वा को होने वाली गोवर्धन पूजा और अन्नकूट महोत्सव का आयोजन इस बार तिथि भेद के कारण एक दिन बाद मनाया गया।

बुधवार की दोपहर को लोगों ने मान्यताओं के अनुसार पारंपरिक तरीके से गोवर्धन की पूजा की। गोबर से प्रतीकात्मक गोवर्धन पर्वत की प्रतिमा बनाकर पूजा-अर्चना करने के बाद लोगों ने भगवान श्रीकृष्ण एवं गोवर्धन महाराज को अन्नकूट का भोग

**तिथि भेद की वजह से बुधवार को हुआ अन्नकूट महोत्सव का आयोजन**

लगाया। जिसके बाद देर शाम को नगर सहित जिले भर के मंदिरों में अन्नकूट महोत्सव का आयोजन हुआ और लोगों को प्रसादी का वितरण किया गया। नगर के गुफा मंदिर, बांके बिहारी मंदिर, रामजानकी मंदिर, पुलिस लाईन स्थित हनुमान मंदिर सहित अन्य देवस्थानों पर अन्नकूट महोत्सव का आयोजन किया गया।

**आज मनायी जायेगी भाईदूज :** धनतेरस से मनाये जाने वाले पांच दिनी त्यौहार दीपावली के आज अंतिम दिन यम द्वितीया भाईदौज को भाई-बहन के प्रेम और स्नेह के पर्व के रूप में मनाया जायेगा। भाई-दूज के अवसर पर बहनें अपने भाइयों के माथे पर तिलक कर उनकी लंबी उम्र की कामना करेंगी।

# देवरी गौशाला सर्वसुविधायुक्त मॉडल गौशाला बनेगी : ऐंदल

**गोवर्धन पूजा के मौके पर कृषि मंत्री कंषाना ने कहा, कक्ष निर्माण को दिए पांच लाख, सांसद ने अपने वेतन से प्रतिमाह 10 हजार गौशाला को देने की घोषणा की**





**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 22 अक्टूबर।** मप्र के किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री ऐदल सिंह कंषाना ने कहा है कि देवरी स्थित गौशाला को गौवंश के लिए सर्वसुविधायुक्त मॉडल गौशाला के रूप में विकसित किया जाएगा। प्रदेश-देश की गौशालाओं का अध्ययन कर वहां जैसे प्रबंधन को देवरी गौशाला में लागू किया जाएगा। करहधाम गौशाला की अपेक्षाकृत देवरी गौशाला में कहीं ज्यादा गाय और गौवंश का संरक्षण और संवर्धन किया जा सके, इसके लिए प्रयास किए जाएगें।

कृषि मंत्री श्री कंषाना, बुधवार को देवरी गौशाला में आयोजित गोवर्धन पूजा कार्यक्रम में उपस्थितजन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में लगातार दूसरे साल गोवर्धन पूजा का आयोजन प्रदेशभर में एकसाथ किया जा रहा है। श्री कंषाना ने अपने स्वेच्छानुदान मद से गौशाला में अतिरिक्त कक्ष के निर्माण के लिए 5 लाख रूपये की राशि दिए जाने की घोषणा की। कार्यक्रम में सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने कहा कि मॉडल गौशालाओं से गौसेवकों को व्यावहारिक प्रशिक्षण दिलाया जाए, ताकि वे गायों की बेहतर देखभाल कर सकें। सांसद श्री तोमर ने अपने वेतन से प्रतिमाह 10 हजार रूपये की राशि देवरी गौशाला को दिए जाने की घोषणा भी की। कार्यक्रम को महापौर श्रीमती शारदा सोलंकी ने भी संबोधित किया।

कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने कहा कि गौशाला के लिए उपलब्ध भूमि के अतिरिक्त यदि और भूमि की आवश्यकता होने पर राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज शासकीय भूमि का औचित्य परीक्षण कर उसे गौशाला हेतु आवंटित किया जाएगा। कलेक्टर ने बताया कि गौशाला परिसर में जल संचयन और पशुओं की सुविधा के लिए तालाब निर्माण करने की योजना है। जिसे मनरेगा के तहत पूर्ण कराया जाएगा। कार्यक्रम के उपरांत कृषि मंत्री और सांसद ने पौधरोपण किया और गौसेवकों का सम्मान किया। इस अवसर पर जिपं सीईओ कमलेश कुमार भार्गव, ननि आयुक्त सत्येन्द्र धाकरे सहित ननि के एमआईसी सदस्य, अधिकारी,क कर्मचारीगण उपस्थित थे।

## बागचीनी में बेटे ने गला दबाकर की पिता की हत्या

**मुरैना, 22 अक्टूबर।** बागचीनी थाना क्षेत्र के ग्राम जैतपुर महावीरपुरा में एक पुत्र ने अपने पिता की गला दबाकर हत्या कर डाली। जानकारी के अनुसार बागचीनी थाना प्रभारी निरीक्षक शशिकुमार ने बताया कि बुधवार की दोपहर सूचना मिली कि ग्राम जैतपुर महावीरपुरा में मोहर सिंह 50 पुत्र श्रीकृष्ण कुशवाह की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है। पुलिस मौके पर पहुंचीं और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। निरीक्षक शशि कुमार के अनुसार मृतक के शरीर पर मारपीट और खरोंचों के निशान पाए गए। पोस्टमार्टम के बाद आई प्रारंभिक रिपोर्ट में चिकित्सकों ने मोहर सिंह की मौत की वजह गला घोंटा जाना बताया है। पुलिस के अनुसार मृतक मोहर सिंह के दो पुत्र है। परिवारीजन ने छोटे पुत्र पर पिता की हत्या किए जाने का संदेह जताया है। फिलहाल पुलिस मृतक के छोटे पुत्र की गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी हुई है।

## एक नजर में

### भाईदूज पर जेल में बंदियों से बहनें कर सकेंगी खुली मुलाकात

**मुरैना, 22 अक्टूबर।** मप्र शासन जेल विभाग भोपाल के निर्देशानुसार 23 अक्टूबर को दीपावली पश्चात भाईदूज के अवसर पर भाईदूज के अवसर पर बहिनें बंदियों से मिलकर तिलक लगाकर मुलाकात कर सकेंगी। मिलने का समय प्रातः 8 से दोपहर 1 बजे तक रहेगा। बहिनें अपने साथ पहचान पत्र अवश्य लेकर आयें। जेल उपअधीक्षक जिला मुरैना ने बताया कि मुलाकात हेतु बंदियों के बहनों के नाम प्रातः 8 बजे से दोपहर 1 बजे तक लिखे जावेंगे और उन्हीं बहनों की दिन में 3 बजे तक मुलाकात कराई जावेगी। इसके पश्चात किसी प्रकार की मुलाकात हेतु अनुरोध स्वीकार नहीं किया जावेगा। बहनें अपने साथ अपना पहचान पत्र अवश्य लेकर आवें।

### पूर्व जपं अध्यक्ष मुन्नालाल का निधन अपूर्णनीय क्षति : मिश्रा

**मुरैना।** वरिष्ठ समाजसेवी और जनपद पंचायत के पूर्व अध्यक्ष मुन्नालाल शर्मा के निधन पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन बुधवार को गांधी मैरिज होम में हुआ। श्रद्धांजलि सभा में मप्र शासन के कृषि मंत्री ऐदल सिंह कंषाना और पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा पहुंचें। उन्होंने स्व. मुन्नालाल शर्मा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया और शोक संवेदनाएं व्यक्त कर ईश्वर से उनकी आत्मशांति के लिए प्रार्थना की। श्रद्धांजलि सभा में पूर्व विधायक परशुराम मुदगल, बलवीर डंडोतिया, पूर्व सांसद एवं महापौर अशोक अर्गल सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी पूर्व जनपद अध्यक्ष स्वर्गीय मुन्नालाल शर्मा के निधन पर शोक संवेदना व्यक्त की।



### 4 दिवसीय आकांक्षी हाट का शुभारंभ आज होगा

**मुरैना।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कमलेश कुमार भार्गव ने बताया है कि आकांक्षी योजना अंतर्गत सम्पूर्णता अभियान सम्मान समारोह एवं आकांक्षी हाट कार्यक्रम के अंतर्गत मुरैना जिले के स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित सामग्री के विक्रय किया जाना है। इसके लिए 4 दिवसीय हाट का आयोजन टॉउन हॉल मुरैना में 23 अक्टूबर से 26 अक्टूबर तक किया जा रहा है।

### छोटी दीपावली पर कैलारस के श्मशान घाट में जगमगाए 5100 दीपक

**कैलारस।** मुक्तिधाम सेवा समिति कैलारस ने श्मशान घाट में दीपदान का आयोजन किया। 5100 दीपक प्रज्वलित कर बाबा महाकाल के जयकारों के साथ पूर्वजों को नमन किया। मुक्तिधाम सेवा समिति के अनिल गोयनर, बृजेश बंसल, राजू गुप्ता, ज्ञानसागर, तहसीलदार नरेश शर्मा, बीएमओ डॉ. एस.आर. मिश्रा, अशोक राणावत, धारा सोनी, दरोगा खान, हर्षित बंसल, नरेंद्र गोयनर और नेमीचंद्र गोयल सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।









# साढ़े तीन दिन की मेहमानी करने मुरैनागांव पहुंचे 'द्वारिकाधीश'

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 22 अक्टूबर।** योग-योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण साढ़े तीन दिन के मेहमान बनकर बुधवार को बृजभूमि के मुरैनागांव स्थित प्राचीन दाऊजी मंदिर में आकर विराजमान हो गए है। नागलीला के साथ द्वारिकाधीश का आगमन हुआ। द्वारिकाधीश की सवारी बैण्ड-बाजे और हजारों लोगों की मौजूदगी में निकली। इसके साथ ही साढ़े तीन दिन के पारम्परिक लीला मेले का शुभारंभ हो गया।

**दाऊजी मंदिर पर पारंपरिक लीला मेले का हुआ शुभारंभ**

मान्यता है कि भगवान श्रीकृष्ण (द्वारिकाधीश) दीपावली की पड़वा को द्वारिकापुरी से मुरैनागांव स्थित प्राचीन मंदिर पर साढ़े तीन दिन के मेहमान बनकर आते हैं। भगवान के आगमन के लिए दीपावली से ही मंदिर को सजाकर तैयार कर लिया गया और पड़वा बुधवार की दोपहर से मंदिर पर पूजा-अर्चना शुरू हो गई। बुधवार से साढ़े तीन दिन तक मुरैना गांव स्थित दाऊजी मंदिर पर विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन किया जाएगा।

**बंद रहेंगे द्वारिकाधीश के पट**

गुजरात के विश्व प्रसिद्ध द्वारिकाधीश मंदिर के पट आगामी साढ़े तीन दिनों तक बंद रहेंगे। इस दौरान वहां आरती भी नहीं होगी। मान्यता है कि भगवान द्वारिकाधीश द्वारिकाधाम त्यागकर साढ़े तीन दिन तक मुरैनागांव में मेहमान बनकर रहते हैं। इन साढ़े तीन दिनों तक द्वारिकाधीश की तरह ही मुरैनागांव में विशेष पूजा का आयोजन होता है।

# कैलारस को स्वच्छ बनाना मेरा संकल्प : अंजना बंसल



**कैलारस, 22 अक्टूबर।** दीपावली के अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती अंजना बृजेश बंसल ने कहा कि कैलारस को साफ़ और स्वच्छ बनाना मेरा संकल्प है और इस दिशा में सफाई कर्मियों का योगदान सबसे महत्वपूर्ण है। स्वच्छ भारत अभियान के तहत आयोजित इस प्रेरणादायक कार्यक्रम में नगर परिषद की अध्यक्ष ने सभी सफाई कर्मियों और परिषद स्टाफ का सम्मान किया। यह समारोह मंगलवार शाम को उनके निज निवास सुभाष मार्ग पर आयोजित हुआ, जिसमें लगभग एक सैकड़ा सफाई कर्मी और नगर परिषद का समूचा स्टाफ मौजूद रहा।कार्यक्रम का शुभारंभ विधि-विधान से हुआ। अध्यक्ष अंजना बंसल ने सर्वप्रथम उपस्थित सभी पार्षदों का सम्मान किया और तत्पश्चात एक-एक कर सभी कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया। श्रीमती अंजना बृजेश बंसल ने अपने उद्बोधन में कहा कि नगर की स्वच्छता में सफाई कर्मियों की भूमिका नगर की रीढ़ के समान है, और प्रत्येक नागरिक को स्वच्छता बनाए रखने में योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि दीपावली जैसे शुभ पर्व पर यह सम्मान समारोह उन कर्मयोगियों को समर्पित है, जो निस्वार्थ भाव से नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में संलग्न रहते हैं। नगरवासियों ने भी इस पहल की सराहना की और कहा कि यह कार्यक्रम न केवल कर्मयोगियों का सम्मान है, बल्कि नगर में स्वच्छता के प्रति नई ऊर्जा और उत्साह का संदेश देता है।

आयोजित कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती अंजना बृजेश बंसल, उपाध्यक्ष सीमा अशोक राणावत, पार्षद कल्लू कुशवाह, अनीता संजय शाक्य, वीरेंद्र सोलंकी, दरोगा खान, सीमा रविद्र राठौर, विनीता विनोद पलैया, डॉ शम्मा कुरैशी, धारा सोनी, एड दिनेश हरदेनिया, हर्षित बंसल, प्रदीप जाधव सहित कैलारस के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे है।